Live हिन्दुस्तान .com BETA

सीए परीक्षा में दिल्ली की मृदु को मिली दूसरी रैंक

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता

First Published:16-01-14 11:32 AM
Last Updated:16-01-14 11:32 AM

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सीए के अंतिम परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए। इसमें दिल्ली की **मृदु गर्ग** ने दूसरी रैंक हासिल की है। उनके 66.25 फीसदी अंक आए हैं। महाराष्ट्र के अकोट के गौरव दीपक शरवागी ने 66.75 फीसदी अंक पाकर देश में पहला स्थान हासिल किया है। तीसरा स्थान कोलकाता के अक्षय लोसलका (65.50 फीसदी) ने प्राप्त किया है।

डीयू के हंसराज कॉलेज की छात्र रह चुकीं मृदु गर्ग ने देशभर में दूसरा स्थान पाया है। छात्रwww.caresults.nic.in वेबासइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। बहरहाल, आईसीएआई ने अंतिम परिणाम के साथ-साथ कॉमन प्रोफिसिएंसी टेस्ट (सीपीटी) के परिणाम भी जारी किए गए हैं।